
हिन्दी मासिक

# माली सैनी सन्देश

जोधपुर

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता





वर्ष : 8 • अंक 113 • नवम्बर- 2014 • मूल्य : 150/- वार्षिक

## राजस्थान के निकॉय चुनावों में समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को हार्दिक बधाई एवं मंगलकामनाएं



**ताराराम माली**
अध्यक्ष नगर परिषद सिरोही



**भंवरलाल माली**
अध्यक्ष नगर परिषद जालोर




**श्रीमती बबिता चौहान**
अध्यक्ष नगर परिषद ब्यावर



**श्रीमती ग्यारसी देवी माली**
अध्यक्ष नगरपालिका डीडवाना



**राधेश्याम पंवार**
उपसभापति नगर परिषद बालोतरा



**जयरूपाराम माली**
उपाध्यक्ष नगरपालिका भीनमाल



## हार्दिक बधाई

राजस्थान पेसापोलो टीम के 5वीं राष्ट्रीय पेसा पोलो जूनियर एवं सब-जूनियर प्रतियोगिता में नेशनल चैपिंयन होने पर हार्दिक बधाई।

राजस्थान टीम के खिलाड़ी

**यश गेहलोत**

को राष्ट्रीय चैपिंयनशिप में विजयी होने पर शुभकामनाएं तथा

**टीम के प्रबंधक श्री मोहित गहलोत एवं प्रशिक्षक श्री हेमंत गहलोत**

को प्रथम प्रयास में ही सफलता प्राप्त करने पर

हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामनाएं



यश गेहलोत

# जोधपुर में पहली बार विशेषज्ञों की सेवाएं

जोधपुर में पहली बार आयोजित होने जो रहे इण्डियन हॉस्पीटल एण्ड मेडिकल एक्सपो दिनांक 20 से 22 दिसम्बर 2014 तक आम जनता को मिलेगा देश के बेहतरीन अस्पतालों के डॉक्टरों से मिलने का मौका।

फुट फॉल के कॉ-फाउंडर श्री नरपतसिंह सांखला ने बताया कि आम जनता को अपनी बीमारी से निजात पाने के लिए राजस्थान में पहली बार ऐसा अवसर प्राप्त हो रहा है। इस आयोजन में अमदाबाद जयपुर उदयपुर जोधपुर के जाने माने अस्पतालों के विशेषज्ञ चिकित्सक जनता को राहत प्रदान करें। आम जनता के लिए इसमें प्रवेश निःशुल्क रहेगा। तथा सभी आगन्तुकों को डिस्काउंट कार्ड दिये जायेंगे जो कि विभिन्न अस्पतालों में जाने पर छुट प्राप्त कर सकेंगे।



**Narpat Singh Sankhla**
Co-Founder
9983750256

AN EVENT BY
footfalls
exhibitions & events

## क्या आप अपनी बीमारी से परेशान है ?

**तो आए और स्वास्थ्य संम्बधी समस्याओं**
**की सही जानकारी एवं सलाह लें**

भारतीय अस्पताल एवं स्वास्थ्य
**एक्सपो–2014**

**IHM**
INDIAN HOSPITALS & MEDICAL
EXPO 2014


## जोधपुर में पहली बार

**अब आप भी ले सकते है भारत एवं जोधपुर के जाने माने अस्पताल में अधिक से अधिक छूट !**

20|21|22 दिसम्बर 2014 को पधारे और मुफ्त में
अपने व अपने परिवार का

**डिस्काउन्ट कार्ड बनाए**



**20|21|22**
दिसम्बर 2014

स्थान : रावण का चबूतरा, जोधपुर

**Pritam Kumar Janwar**
Co-Founder 9983750255

**Dr. Jitendra singh Chouhan**
Co-Founder 9983750254

**Suhel Faridi**
Co-Founder 9983750251

RAJHIN 16445/20/1/2013-TC

# माली सैनी सन्देश

● वर्ष : 8 ● अंक 113 ● 27 नवम्बर- 2014 ● मूल्य : 150/- वार्षिक

**सम्पादक मण्डल**

**संरक्षक :**



**श्रीमान रमेशचंद्र कच्छवाहा**
( अध्यक्ष, जोधपुर ठेकेदार ऐसोसियेशन )
( अध्यक्ष, माली सैनी समाज सेवा समिति )

**सह संरक्षक:**



**श्री ब्रह्मसिंह चौहान**
( पूर्व पार्षद )

**प्रेस फोटोग्राफर**

**जगदीश देवड़ा**
(रितू स्टूडियों मो. 94149 14846)

**मार्केटिंग इंचार्ज**

**रामेश्वर गहलोत**
(मो. 94146 02415)

**कम्प्यूटर**

**इरशाद ग्राफिक्स, जोधपुर**
(मो. 7737651040)

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ सम्पादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रसंगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।

## इस अंक में

**आवरण कथा**

छात्र-छात्राओं, अधिकारियों, कर्मचारियों व भामाशाहों का अतिथियों की ओर से स्मृति चिन्ह देकर किया गया सम्मान

### माली समाज की 820 प्रतिभाओं का हुआ सम्मान



सम्पादकीय
राजस्थान के निकॉय चुनावों में माली समाज के निम्न पार्षद हुए विजयी
राजस्थान की टीम बनी राष्ट्रीय चैम्पियन
25 दिस. 2014 को युवक युवती परिचय सम्मेलन
अखिल भारतीय पुष्कर धर्मशाला का वार्षिक उत्सव
भूमि चयन समिति की मिटिंग सम्पन्न
अजमेर में 11 जनवरी, 15 को आयोजित होगा परिचय सम्मेलन
ऑल इण्डिया माली सैनी सेवा समाज की राष्ट्रीय मीटिंग सम्पन्न
अजमेर में दिपावली स्नेह मिलन की रही धूम
महाराष्ट्र हरियाणा में विधायक विजय होने पर बधाई
मारवाड़ नर नारायण सेवा संस्थान, ( रजि. ) जैतारण जिला पाली द्वारा सामान्य व पिछड़ा वर्ग जातियों के लिए प्रथम सामूहिक विवाह का भव्य आयोजन
श्री नन्दकिशोर गहलोत के पास 50 हजार पोस्टल स्टाम का संग्रह
माली सेवा संस्थान का प्रतिभा सम्मान समारोह 5 दिसम्बर को
शहीद प्रतिमाएं देती हैं देशभक्ति की प्रेरणा : शर्मा
स्थापना दिवस एवं भण्डारा
छठा नि: शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन
रक्तदान कर मानव धर्म निभाएं : सियोल
डॉ. आर.डी. सैनी बने राजस्थान लोक सेवा आयोग अध्यक्ष
जब बढती है चेतना तब निश्चित घटती है वेदना
माली समाज सेवा संस्थान की ओर से ग्रेनाइट उद्यमी स्नेह मिलन समारोह का आयोजन
नया जीवन देकर बना रहे हैं उज्जवल भविष्य
राज्य स्तरीय मैरिट में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर भानू सैनी का भव्य स्वागत
अन्नदाता को मिला धरती पुत्र सम्मान
सामूहिक विवाह में एक-दूजे के हुआ सैनी समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन

# सम्पादक की कलम से ...



# समय - संयम का महत्व ...

मुनष्य के भौतिक शरीर में छ: प्रकार के रूपान्तर होते हैं। वह माता के गर्भ से जन्म लेता है, कुछ काल तक रहता है, बढ़ता है, अपना प्रभाव दिखाता है, धीरे-धीरे क्षीण होता है और अन्त में समाप्त हो जाता हैं। जन्म मृत्यु तक अपने सारे प्रभाव दिखाता है, धीरे-धीरे क्षीण होता है और अन्त में समाप्त हो जाता हैं। जन्म मृत्यु तक अपने सारे प्रभाव दिखाता है। (1) जन्म (2) वृद्धि (3) उपस्थिति (4) जनन (5) क्षय (6) विनाश

क्रमशः शैशवावस्था, बाल्यावस्था, युवावस्था, प्रौढ़ावस्था, वृद्धावस्था और जरावस्था समय-समय पर अवस्थानुसार अपने प्रभाव को दर्शाता हैं। जो मनुष्य समय के महत्व को मान्यता देकर उसके अनुरूप चलता है। वह अपने जीवन में सफल होता है। इसकी सार्थकता चाहें तो वर्तमान को मान्यता देकर समय के अनुसार अपना जीवन यापन करें। समय के अनुरूप ही अपने व्यवहार में, पारिवारिक/ सामाजिक/ लौकिक परिवेश में चलें और समय-संयम रखें। व्यर्थ की चिन्ता न करें बल्कि चिन्तन करें। समय औ संयम दोनों शब्दों में थोड़ा ही अन्तर है। दोनों ही बड़े साथ्रक और सम्यक हैं। इन दोनों शब्दों का ह्रदयगंभ कर उनका अनुपालन करना वर्तमान समय में बालकों, युवाओं को तथा प्रौढ़ों को, वरिष्टजनों को कठिन प्रतीत होता हैं।

समय सूचक घड़ी का जब आविष्कार हुआ था तब आविष्कारक ने अपनी सूझ-बूझ का परिचय देकर घण्टा, मिनिट, सैकण्ड को दर्शाने वालें कांटे अलग-अलग रूप में तैयार किये, जो हर पल-पल का समय दर्शाते हैं ओर एक साथ रहते हुए अपने संयम और मर्यादा का परिचय देते हैं। जब तक घड़ी में चाबी पूरी भरी हुई होती है और चाबी के समाप्त होते ही घड़ी बन्द हो जाती हैं। जिससे समय का संयम गड़बड़ा जाता है। मनुष्य अपने सही समय का उपयोग करने में चूक सकता है। इस चूक से बचने के लिये निर्माताओं ने घड़ी में सेल लगाये। जब तक सेल में पावर है वह घड़ी को संयम में ही रखता है। सेल के बन्द हो जाने या उसकी शक्ति क्षीण हो जाने पर घड़ी समय को संयम देती हैं। घड़ी हमको समय के साथ सही चलना सीखाती हैं। कहा है- 'का वर्षा जब कृषि सुखाने, समय चूकी पुनि का पछिताने।'

वर्तमान समय में जब चारों और भौतिक विकास की लहर चल रही है, ऐसे में स्वयं के,पारिवारिक, सामाजिक, आर्थिक आदि के विकास में समय औ संयम का बड़ी ही उपयोगिता प्रतीत होती है। सही समय पर और संयम के साथ किया हुआ सब काम सृष्टि कारक होता है। आज का समय एकल परिवार प्रथा और अर्थ प्रदान परिवेश में चल रहा है। समय पर बालकों को अच्छी शिक्षा दिलाकर संस्कारित किया जाये। युवा- युवातियों को उच्च शिक्षा के साथ-साथ स्वरोजगार परक व तकनिकी शिक्षा दिलवाना आवश्यक है। इसके लिये उन्हें समय-समय पर सही सही मार्गदर्शन दिया जाये। समय का सही उपयोग किया जाये। युवा/ प्रौढ़जन अपनी कला का, अपनी शिक्षा का और अर्थ का सही उपयोग समाज हित में करने हेतु आगे होकर अपनी योग्यता-दक्षता, क्षमता का परिचय दें, ऐसा प्रयास किया जाये। समय का तकाजा है वरिष्ठजन अपना अमूल्य अनुभव और समय का सही वितरण करें। परिवार और समाज को सही दिशा प्रदान करना वरिष्ठजनों का दायित्व होता है। जहाँ समय-संयम, वित्तसंयम, वाणी संयम, धन संयम, आहार संयम, विचार संयम और सामाजिक मर्यादाओं का पूर्ण रूप से अनुपालन किया जाता है वह परिवार अथवा नित्यप्रति अपनी उन्नति की ओर अग्रसित होता ही रहता है। समय और संयम का संगम जन तारक है। समय किसी का इन्तजार नहीं करता। जो समय संयम नहीं रखता, समय उसको देख लेता है। जो समय को मान देता है, समय उसे समय आते ही समृद्ध व सम्मानित बना देता है।

समय संसार का सबसे बड़ा धावक है। संयम संसार का सबसे बड़ा रक्षक है।।

कहावत है-

धन जोबन औसर नहिं,सब दिन होय समान।

हे, नादान बड़ बोल्या मिनख, समय बड़ो बलवान।।

इसलिए समय और संयम की पालन कर मान्यता दें।

**जय माली सैनी समाज**




**मनीष गहलोत**

प्रधान सम्पादक

# राजस्थान के निकॉय चुनावों में माली समाज के निम्न पार्षद हुए विजयी



राजेन्द्र गहलोत



राजेन्द्र सोलंकी



किशोरसिंह टाक



श्रीमती सुषमा परिहार



श्रीमती श्यामा गहलोत



नन्दकिशोर गहलोत



अरविन्द गहलोत

**जोधपुर। 22 नवम्बर, 2014 को हुए राजस्थान निकॉय चुनावों में माली सैनी समाज के पार्षद विजयी हुए। इसके अलावा सिरोही नगर परिषद में श्री ताराराम माली चुनें गए सभापति, श्री भंवरलाल गहलोत जालोर नगर परिषद से सभापति, डीडवाना नगर पालिका से श्रीमती इग्यारसी देवी सैनी अध्यक्ष चुनी गई, श्रीमती बबीता चौहान ब्यावर नगर परिषद से सभापति चुनी गई। साथ ही भीनमाल नगर पालिका से श्री जयरूपाराम माली एवं बालोतरा नगर परिषद से श्री राधेश्याम पंवार उप-सभापति चुने गए।**

जयपुर नगर निगम वार्ड 2 से श्री किशनलाल अजमेरा निर्दलय, वार्ड 3 से श्री सुनील कुमार सैनी भाजपा, वार्ड 13 से श्री गणेश सैनी भाजपा, वार्ड 22 से श्रीमती चंचल सैनी भाजपा, वार्ड 30 से श्री भंवरलाल सैनी भाजपा, वार्ड 56 से श्री हरीशचंद्र अजमेरा, वार्ड 90 से ग्यारसीलाल सैनी कांग्रेस और वार्ड 91 से कजौड़मल सैनी कांग्रेस से पार्षद निर्वाचित हुए। इसी प्रकार जोधपुर नगर निगम से वार्ड 21 से श्री नंदकिशोर गहलोत भाजपा, वार्ड 53 से श्री अरविंद गहलोत कांग्रेस, वार्ड 54 से पूर्व जेडीए चेयरमेन श्री राजेन्द्र सोलंकी कांग्रेस, वार्ड 55 से श्रीमती सुषमा परिहार, वार्ड 62 से श्री किशोर सिंह टाक, वार्ड 63 से पूर्व मंत्री श्री राजेन्द्र गहलोत भाजपा एवं वार्ड 64 से श्रीमती श्यामादेवी गहलोत कांग्रेस से विजयी हुई।

पाली से श्रीमती मीना कच्छवाहा वार्ड 34 से कांग्रेस की ओर से विजयी हुई। भीनमाल वार्ड 2 से श्री गुमानमल परमार कांग्रेस, वार्ड 24 से श्री जयरूपाराम माली भाजपा एवं वार्ड 9 से श्रीमती सुनीता माली निर्दलिय। जालोर में वार्ड 5 से भंवरलाल गहलोत भाजपा, वार्ड 16 से श्री मिश्रीमल गहलोत, वार्ड 17 से श्री ओमप्रकाश माली, वार्ड 22 से श्रीमती सुखीदेवी कांग्रेस, वार्ड 23 से देवाराम माली कांग्रेस, वार्ड 25 से श्री देवाराम माली कांग्रेस और वार्ड 28 से श्री वेलाराम सोलंकी निर्दलिय ने विजयश्री प्राप्त की।

पुष्कर में वार्ड 12 से भाजपा प्रत्याशी श्री जयनारायण दग्दी एवं वार्ड 20 से भाजपा के ही श्री मदन सांखला। ब्यावर में श्रीमती गीता दग्दी कांग्रेस एवं श्रीमती बबीता चौहान भाजपा से विजयी हुई। उदयपुर से श्री लवदेव बागड़ी भाजपा, श्रीमती हंसा माली भाजपा, श्री नरेन्द्र टांक भाजपा एवं श्रीमती नमीता टाक भाजपा से विजयी हुई। कोटा से श्रीमती ममता महावर भाजपा, श्री प्रकाश सैनी भाजपा। सीकर से श्री शंकर सैनी भाजपा, श्री अशोक सैनी भाजपा, श्री परमेश्वरलाल सैनी भाजपा, श्री भागीरथ सैनी भाजपा, श्री विश्वनाथ सैनी भाजपा, श्री सुरेश सैनी कांग्रेस एवं श्रीमती पिंकी सैनी भाजपा से विजयी हुई। बीकानेर से भाजपा की श्रीमती विमला गहलोत एवं कांग्रेस के श्री परमानंद गहलोत विजयी हुए। टौंक से चौथमल सैनी निर्दलिय, विजय महावर कांग्रेस। बालोतरा से श्रीमती रेश्मा परिहार कांग्रेस , श्री राधेश्याम पंवार कांग्रेस, श्री चंपालाल सुंदेशा कांग्रेस, श्री मानवेन्द्र परिहार भाजपा , श्री श्रवण सुंदेशा कांग्रेस, श्रीमती कौशल्या देवी कच्छवाहा भाजपा एवं श्रीमती कमला देवी सुंदेशा निर्दलिय ने विजयश्री प्राप्त की। डीडवाना से भाजपा के पवन टाक। माउण्ट से कांग्रेस के श्री दिलीप टाक एवं भाजपा की श्रीमती मंजू परमार। सिरोही से विजयी पार्षद कांग्रेस के श्री नैनाराम माली, श्रीमती अमियाबाई भाजपा, श्री ताराराम माली भाजपा, श्रीमती सुखीदेवी कांग्रेस से विजयी रहे। शिवगंज से श्री सुरेश माली भाजपा, श्री लक्ष्मण परिहार भाजपा, चुरू से कांग्रेस की श्रीमती सरोज सैनी, भाजपा के श्री भागीरथ सैनी, श्रीमती लक्ष्मी सैनी भाजपा, श्रीमती सुमित्रा सैनी भाजपा, बाड़मेर से श्री बलवरी माली बीजीप एवं श्रीमती शारदा देवी कांग्रेस से विजयी रही। झुंझुनु से मनोज कुमार सैनी एवं श्री प्रदीप कुमार सैनी निर्दलिय विजयी रहे। बिसाऊ से भाजपा के श्री बैजनाथ सैनी विजयी रहे। पिलानी से श्री सुभाष सैनी निर्दलिय एवं भाजपा के ताराचंद सैनी ने जीत दर्ज की । सुमेरपुर से श्रीमती नांरगी देवी भाजपा एवं श्रीमती हुलीदेवी निर्दलीय विजय हुई। शिवगंज से भाजपा की श्रीमती उमादेवी, श्रीमती धर्मदेवी भाजपा, श्री लक्ष्मण सिंह परिहार निर्दलीय, श्रीमती सीमा देवी भाजपा, श्री सुरेश कुमार भाजपा, श्री अल्पेश परिहार कांग्रेस से विजयी रहे। इसी प्रकार ब्यावर से श्रीमती गीता दग्दी कांग्रेस, श्रीमती कमला दग्दी कांग्रेस, श्रीमती बबीता चौहान भाजपा, श्री शशिबाला सोलंकी भाजपा, श्री कैलाश गहलोत निर्दलीय, श्री मोती सिंह सांखला भाजपा एवं श्री प्रकाश परिहार निर्दलीय विजयी हुए।

## युवक की हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग

**बानसूर। गत दिनों ढाणी नोंदावाली में अज्ञात लोगों द्वारा युवक अनिरूद्ध सैनी की हत्या कर शव पेड़ पर लटकाने के मामले में पुलिस सात दिन बाद भी आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पाई हैं। पुलिस अभी तक आरोपियों का सुराग लगाने में भी नाकाम रही है। युवक की हत्या करने करने वालों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सैनी महासभा बानसूर अध्यक्ष बालजी सैनी के नेतृत्व में सैनी समाज के लोग उपखंड कार्यालय पर पहुंचे और एसडीएम ममता यादव को ज्ञापन सौंपा। लोगों ने आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की। इस अवसर पर हरिसिंह सैनी, डॉ. रामकरण सैनी, गोपाल सैनी, व्यापार मंडल अध्यक्ष महावीर प्रसाद अग्रवाल, सुखदेव सैनी, निरंजन सैनी, पप्पूराम सैनी, दाताराम सैनी व रोहिताश्व सैनी सहित समाज के लोग उपस्थित थे।**

## छात्र-छात्राओं, अधिकारियों, कर्मचारियों व भामाशाहों का अतिथियों की ओर से स्मृति चिन्ह देकर किया गया सम्मान

# माली समाज की 820 प्रतिभाओं का हुआ सम्मान










भीनमाल। माली समाज का दसवां जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान व अधिकारी-कर्मचारी स्नेहमिलन समारोह रविवार को स्थानीय क्षेमंकरी माता तनहटी स्थित माली समाज भवन में ज्योति बा राष्ट्रीय जागृति मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोतीबाबा फूले के सानिध्य में हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम के दौरान 355 छात्र-छात्राओं को अतिथियों की ओर से स्मृति चिन्ह, सिल्वर मेडल व प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं 400 अधिकारियों व कर्मचारियों तथा 65 भामाशाहों का भी बहुमान किया गया। अंत में सचिव भंवरलाल सोलंकी ने आभार जताया। संचालन भंवरलाल परिहार व पारसमल सांखला ने किया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों की ओर से संत श्री लिखमीदास, क्षेमंकरी माता व सरस्वती माता के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर पूर्व पालिकाध्यक्ष जीएम परमार, डा. प्रेमराज परमार, बाबूलाल सुंदेशा, हीरालाल माली, भारताराम माली, पारस माली, बाबूलाल परमार, डा. लोकेश सोनी, मोहनलाल सुंदेशा, मूलाराम सांखला, कैलाश सांखला और ओमप्रकाश सोलंकी सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

**शिक्षा के बिना समाज व राष्ट्र का विकास संभव नहीं : परमार**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश भलाराम परमार ने कहा कि शिक्षा के बिना समाज व राष्ट्र का विकास असंभव हैं। उन्होंने छात्रों को लक्ष्य के साथ आगे बढने की बात कही। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने वाले शिक्षाविदों, भामाशाहों और समाजसेवियों के प्रयासों की सराहना की। मोतीबाबा फूले ने सामाजिक एकता का बढावा देने की बात कही। प्रवक्ता बाबूलाल देवड़ा ने बालिका शिक्षा को बढावा देने के लिए आगे आने का आह्वाव किया। तहसीलदार विशनाराम देवड़ा ने वर्तमान में समाज में उच्च शिक्षा की महत्ती आवश्यकता पर बल दिया। जालोर नगर परिषद आयुक्त शंकरलाल गहलोत ने कहा कि संस्थानों के सामूहिक प्रयास से ही समाज में जागृति आएगी और शिक्षा को बढावा मिलेगा। माली सैनी समाज की राष्ट्रीय अध्यक्षा अलका सैनी ने महिलाओं को स्वाभिमान के साथ आगे बढने की बात कही। डा. मनीषा मंडादे ने कहा कि पुरूषों के सहयोग के बिना महिलाओं की तरक्की संभव नहीं है। एईएन भरत देवड़ा, विनोद गढवाल, मोतीबाबा फूले, संस्थान के अध्यक्ष छगाराम सांखला, विधि सलाहकार सावित्री गहलोत, ज्योति बा फूले संस्थान के प्रदेश सचिव नाथू सोलंकी, कनिष्ठ अभियंता दिनेश सोलंकी व जेटीओ आशाराम सोलंकी ने भी विचार व्यक्त किए।





# राजस्थान की टीम बनीं राष्ट्रीय चैंपियन

## जूनियर वर्ग में जोधपुर के यश गहलोत व निशांत गहलोत ने बढ़ाया समाज का गौरव



राजस्थान पेसापोलो की टीम ने उत्तर प्रदेश के बागपत जिले में आयोजित 5 वीं राष्ट्रीय स्तरीय पेसापोलो के जूनियर/ सब-जूनियर प्रतियोगिता 2014 के जूनियर एवं सब-जूनियर दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक हासिल किया। राजस्थान टीम पहली बार इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिये गयी थी और प्रथम प्रयास में ही राजस्थान टीम ने जूनियर एवं सब-जूनियर दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक हासिल किया। राजस्थान की जूनियर टीम ने फाइनल में हरियाणा को हराया। सब जूनियर वर्ग में उतराखण्ड को हरा राजस्थान की टीम ने इतिहास रचा। इस प्रतियोगिता में देश की 12 टीमों ने भाग लिया। इन टीमों में जोधपुर के मोहित गहलोत टीम प्रबन्धक एवं मुख्य प्रशिक्षक और हेमन्त गहलोत ने सब-जूनियर वर्ग के प्रशिक्षक रूप में हिस्सा लिया। जूनियर वर्ग में जोधपुर के यश गहलोत, निशांत गहलोत, इमरान गौरी, तरूण सिंह, सुरेन्द्र चौधरी, ध्रुवपद गिरि गोस्वामी और सब-जूनियर वर्ग में निशांत गहलोत, कुलदीप, जैद रफीक ने हिस्सा लिया। इसी प्रतियोगिता से पेसा पोलो वर्ल्ड कप 2015 हेतु भारतीय टीम के लिये राजस्थान के तीन खिलाड़ियों का चयन किया गया जिसमें जोधपुर के ध्रुवपद, हनुमानगढ़ के नवदीप सिंह एवं ब्यावर के यवुराज सिंह का चयन हुआ।

माली सैनी संदेश परिवार सभी विजेताओं को हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए टीम प्रंबधक श्री मोहित गहलोत एवं प्रशिक्षक श्री हेमंत गहलोत को विश्व पेसा पोलो प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके निर्देशन एवं कोचिंग के दम पर राजस्थान ही नहीं वरन पूरे भारत में माली सैनी समाज को गौरवान्वित करने पर हार्दिक बधाई देता है।

# अखिल भारतीय पुष्कर धर्मशाला का वार्षिक उत्सव

अजमेर । अजमेर (पुष्कर) माली समाज की प्रगाति की एक और गाथा यह है कि दिनांक 5 नम्वबर 2014 बुधवार को पुष्कर अर्न्तराष्ट्रीय धार्मिक नगरी में अखिल भारतीय माली सेवा सदन के प्रागंण में दोपहर में माली समाज का '' दीपावली स्नेह मिलन'' और वार्षिक समारोह रखा गया जिसमें राजस्थान के सभी प्रदेशों से समाज बन्धुओं ने भाग लिया। खचा-खच भरे पडाल में संस्थान के अध्यक्ष श्री ओंकार राम कच्छावा ने अध्यक्षी सम्बोधन में वर्ष 2013-14 का आय-व्यय का विस्तृत ब्यौरा रखा। अपने संस्था में चल रहे समाजहित के कार्यो और निर्माण कार्यो को सिलसिले बार बताया। सबसे प्रमुख खुशी की लहर दौड़ गयी जब बताया कि पुष्कर रेल्वे स्टेशन के पास ''जमीन'' खरीदी गई है जिसकी कार्यवाही चल रहीं है। इस ''जमीन'' में समाजहीत से सम्बधित प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी दी गई हौर समाज बन्धुओं से सुझाव भी मांगे गये। कार्यक्रम का संचालन ताराचंद गहलोत ने किया। इस अवसर पर सभी ने अपने-अपने सुझाव दिये जिनमें धमेन्द्र टांक, जितेन्द्र मारोठिया, राजेन्द्र बागडी, महेश चौहान, हेमराज सिसोदिया, प्रदीप कच्छावा इत्यादि ने दिये। दूर-दूर आये समाज बन्धुओं के लिए भोजन की व्यवस्था सेवा सदन में ही रखी गई। निचोड़ यही है कि अजमेर जिले में माली समाज का ''जोश व जब्बा'' चरम पर हैं। अजमेर माजी समाज अब ''स्मार्ट'' बनाता जा रहा है। वह दिन दूर नहीं अजमेर की ''स्मार्ट सिटी'' बनाने के लिए माली समाज का सहयोग सरकार को लेना होगा। वह दिन दूर नहीं जब अजमेर शिक्षा नगरी में माली समाज को छात्रावास का शिलान्यास होगा ऐसी समाज संस्थाओं और भमशाओं से अपेक्षा है। नववर्ष 2015 की शुभकामनाओं के साथ.....जय माली समाज।

# 25 दिस. 2014 को युवक युवती परिचय सम्मेलन

शाजापुर (म.प्र.)। सागर के रविन्द्र भवन में 25 दिसम्बर 2014 को बड़े धूम-धाम से महाराजा सैनी जी जंयति मनाई जायेगी एवं पांचवां युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। जिसके अन्तर्गत 25 दिसम्बर 2014 को प्रात: 8.00 बजे खेल परिसर से विशाल वाहन रैली निकाली जायेगी जो प्रमुख मार्गो से होती हुई रविन्द्र भवन में एक विशाल सभा के रूप में सम्पन्न होगी। तत्पश्चात दोपहर 12.00 बजे बाद रविन्द्र भवन पर युवक-युवती परिचय सम्मेलन होगा। इस समारोह के आयोजक समाज सेवी, इंजीनियर रमेश सैनी जिनका मोबाईल नम्बर 0930180-36009 है से सम्पर्क कर अन्य जानकारी प्राप्त की जा सकती है। शाजापुर से समाज सेवी माली अशोक वर्मा ने सम्पूर्ण मध्यप्रदेश के समाजजनों से अपील की है कि वे इस आयोजन में सम्मिलित होकर, परिवार के विवाह योग्य युवक/ युवति के आवेदन कर कार्यक्रम को सफल बनाये। इस अवसर पर एक गरिमामयी परिचय पत्रिका का प्राकशन भी किया जावेगा।

# भूमि चयन समिति की मिटिंग सम्पन्न

दिल्ली। महात्मा फुले सामाजिक शिक्षण संस्थान कि ''शिक्षा अदान की अभिनव योजना'' के लिए भूमि चयन समिति के अध्यक्ष श्री गंगाराम गहलोत की अध्यक्षता में संस्थान के अध्यक्ष श्री शंकरराव लिंगे, कोषाध्यक्ष रामलाल कच्छावा कि मिटिंग अहमदाबाद में सम्पन हुई, जिसमें समिति के पूर्व सर्व लक्षर हरिद्वार, नागपुर, अमरावती, यवतमाल, बेतुल, होशंगाबाद, सीहोर कि भूमि के बारे में विचार किया गया। समिति द्वारा गुजरात में खेड़ा जिले की भूमि का भी अवलोकन किया। समिति ने निश्चय किया कि प्राप्त प्रस्ताव के अनुसार गुरूकुल के लिए ली जाने वाली 500 एकड़ भूमि की वैधानिक स्थति कि रिपोर्ट तैयार कराई जायें। रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात भूमि विशेषज्ञों से सलाह लेकर भूमि क्रय करने का प्रस्ताव आगामी मिटिंग में रखा जाए। संस्थान का लक्ष्य है कि दिसम्बर 2014 तक क्रय की जाने वाली भूमि का निश्चय कर आगामी पहल कि जाये।

# अजमेर में 11 जनवरी, 15 को आयोजित होगा परिचय सम्मेलन

अजमेर में भव्य निशुल्क हाइटेक वैवाहिक परिचय सम्मेलन 11 जनवरी 2015 को प्रात: 10 से सायं 4 बजे तक राधे-रानी गार्डन, गुलाबबाडी अजमेर में आयोजित होगा। भयह तो आगाज है सैनी जी का, अन्दाज अभी बाकी है। अभी तो पख खुले है, युवाओं के परवाज अभी बाकी है। वर्तमान युग की दुनिया में सभी की जिंदगी व्यस्तता से भरी होती है इसी क्रम में प्रत्येक व्यक्ति अपने परिवार के लिये, इसके पश्चात् समाज के लिये और आखिर में राष्ट्र की उन्नति ओर विकास हेतु हमेशा प्रयासरत रहता है। परिवार का मुखिया, अपने बच्चों का संस्कार युक्त लालन पालन कर शिक्षा पर ध्यान देता है, शिक्षा पुरी होने पर रोजगार/ व्यवसाय एवं नौकरी आदि के लिये पूरा जीवन समर्पित कर देता है। तत्पश्चात् योग्य, शिक्षित संस्कारित जीवन साथी की तलाश करना अति महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है। इसी जिम्मेदारी और सामाजिक दायित्व को पूरा करने के लिये भसैनी योग डाट काम द्वारा प्रथम निशुल्क माली सैनी वैवाहिक परिचय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है इसके लिये

sainiyog.com पर समाज के विवाह योग्य युवक/ युवतियों को अपना विवरण व फोटो अपलोड करना अनिवार्य होगा जो कि निशुल्क है। वैवाहिक परिचय सम्मेलन के संयोजक सतीश कुमार सैनी ने बताया कि 21वीं सदी के कम्प्यूटर युग में यह हाईटेक परिचय सम्मेलन होगा जिसमें सम्पूर्ण भारत वर्ष से युवक/ युवती भाग लेंगे। इसमें सभी प्रकार की सुविधाऐं निशुल्क दी जायेगी। मंच पर युवक/ युवतियों को मंच पर बोलने का अवसर दिया जायेगा। अनुभवी पण्डितों द्वारा जन्म कुण्डलीयों के गुण-मिलान की सुविधा भी उपलब्ध कराई जायेगी। 21 दिसम्बर 2014 तक जो विवाह योग्य युवक/ युवतियां अपना वेबसाईड पर रजिस्ट्रेशन करवायेगें उसी का फोटो व उसका विवरण युवक/ युवती मिलन परिचय स्मारिका 2014 की रंगीन विवरणीका में छापी जायेगी और वैवाहिक परिचय सम्मेलन में उन्हें नि:शुक्ल वितरण की जायेगी।ॅपदपलवहण्बवउ मेट्रोमोनियल साइड है जो परिवारों को नयी तकनीक से परस्पर जोड़ने व रिश्तों को बढ़ाने के लिये ब्रिज के समान सहायक सिद्ध होती है। इसके माध्यम से समय की बचत की जा सकती है। वेबसाइड पर किसी की प्रकार की तकनीकि समस्या आने पर वार्ता कर समाधान प्राप्त किया जा सकता है। संयोजक सतीश सैनी ने अवगत कराया कि इस भव्य निशुल्क सैन वैवाहिक परिचय सम्मेलन के लिये विवाह योग्य युवक/ युवतियों के बॉयो डाटा में तकनीकी मदद हेतु आप मनीषा 9829627695, प्रदीप कच्छावा 9950427336, नीरज सोलंकी 8003729692 एवं विरेन्द्र चौहान 9424258287 अथवा email id : prerna0708@gmail.com द्वारा भी सहायता प्राप्त कर सकते है।

अत: सभी स्व जातीय बन्धुओं से करबद्व सादर निवेदन है कि परिचय सम्मेलन के बारे में अधिक से अधिक इच्छुक समाज बंधओं को सुचित करावें ताकि सभी को इसका लाभ प्राप्त हो सके। आपका आर्शिवाद व सहयोग ही आयोजको व कार्यकर्ताओं का मनोबल बढायेंगा। सभी समाज बंधुओं को नववर्ष 2015 की हार्दिक दिल से शुभकामनाऐं एवं ढेरों बधाईयाँ.....

नोट : उक्त कार्यक्रम पूर्णतया नि:शुल्क होने से इसमें भोजन की व्यवस्था देय भुगतान पर उपलब्ध रहेगी।

# ऑल इण्डिया माली सैनी सेवा समाज की राष्ट्रीय मीटिंग सम्पन्न



ऑल इण्डिया माली सैनी सेवा समाज की राष्ट्रीय व प्रान्तीय कार्यकारिणी की एक बैठक तह. राधोगढ़ जिला गुना म प्र में आयोजित हुई। जिसमें मुख्य अतिथि युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमन सैनी द्धदिल्लीऋ वाले थे । व अध्यक्षता राष्ट्रीय महासचिव राजकुमार सैनी गुडगाँव, राष्ट्रीय सचिव बन्क्षीलाल माली भीलवाड़ा राष्ट्रीय महीला अध्यक्ष अल्का सैनी इन्दौर ने की और विक्षिष्ट अथिति के रूप मे म प्र के तीनो प्रान्तीय अध्यक्ष, मोहन पटेल जावरा, रमेक्ष सैनी सागर, कैलाक्ष सुमन ग्रोगढ व राष्ट्रीय सलाहकार रामचन्द्र सैनी इन्दौर ,पत्रकार बाबुलाल सैनी झाँसी, पत्रकार गोपाल ष्णन सैनी उज्जैन, पत्रकार अक्षोक सैनी, साजापुर, अम्बाडकर सा , बन्क्षीलाल पापटवाल रतलाम, रामचन्द्र सैनी नीमच, प्रदीप भाटी मन्सौर, बसन्ती देवी पटेल जावरा, मीना महावर, देवाराम सैनी देवास, नाथुलाल पहलवान कोटा, राजकुमार बागडी, देवीलाल रागस्या, क्षंकर ड़ाबी, देवालाल गड़वाल भीलवाड़ा मारवाडी माली समाज प्रदेक्ष अध्यक्ष गजानन्द भाटी उज्जैन, व दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, मध्यप्रदेक्ष से हजारो की संख्या में समाज बन्धु उपस्थित हुए थे । सभी के सामने समाज सुधार के बारे में बहुत सारी बाते हुई थी। आगे 28-10-14 को खण्डवा व 25-10-14 को सागर म प्र में मीटींग व 11-01-15 को कोटा में मीटींग व परीचय सम्मेलन व इन्दौर में सामुहिक विवाह सम्मेलन करने का निर्णय हुआ था। यह जानकरी प्रदेक्ष अध्यक्ष कैलाक्ष सुमन ग्रोगढ ने दी ।व भीलवाड़ा में आगामी माह में समाज सुधार के लिए समाज का एक बडा सम्मेलन राष्ट्रीय व सभी प्रान्तो के अध्यक्षो पदाधिकारीयो व राज नेताओ सहित आयोजित करवाया जायेगा । यह जानकारी राष्ट्रीय सचिव बन्क्षीलाल माली (रागस्या) भीलवाड़ा ने दी ।

# अजमेर में दिपावली स्नेह मिलन की रही धूम



**''यह तो आगाज है, अन्दाज अभी बाकी है।**
**अभी तो पंख खुले हैं, परताज अभी बाकी हैं।''**
**''उसके अलावा हम यू भी अजमेर के लिए कह सकते है**

धन्य धरा अजमेर की, आरम्भ हो चुका है विकास। समाज में साबित हुआ है, समाज का विकास है।''

माली सैनी धर्मशाला, सुन्दर विलास, अजमेर :- शनिवार 01 नवम्बर 2014 को माली सैनी धर्मशाला, सुन्दर विलास, समिति द्वारा दोपहर 10.00 बजे माली समाज को ''दीपावली स्नेह मिलन'' और वार्षिक समारोह का आयोजन। धर्मशाला भवन में ही रखा गया। जहां समाज बन्धुओं ने आपस में गले मिलकर एक दूसरों का बधाइयों और शुभकामनाऐं दी। माली धर्मशाला समिति के अध्यक्ष श्री हनुमान प्रसाद कच्छावा ने सभी समाज बन्धुओं का स्वागत किया। सभी को दिपावली व नववर्ष की बधाई दी तथा बैठक की कार्यवाही शुरू की गई जिसमें धर्मशाला भवन समिति का वर्ष 2013-14 का आय-व्याय का विस्तृत ब्यौरा रखा गया। इसके अलावा अध्यक्ष महोदय ने धर्मशाला भवन में बहुउद्देशीय परोपकारी योजनाऐ तथा आधुनिकतम सभी सुविधा युक्त या एयर कूलर (एस. सी) कराने के कार्यो का सिलसिले वार जानकारी दी गई तथा सबसे प्रमुख जनाना अस्पताल के पास खरीदी गई ''जमीन'' के बारे में बताया तथा सभी समाज बन्धुओं से सुझाव मागे गये। सभा में अशोक टांक, जय प्रकाश मौंय, चन्द्रशेखर, किसन सैनी, कैलाश कच्छावा ने नई जमीन के बारे में सुझाव दिये। कार्यक्रम का संचालन दिलीप पिल कन्या ने किया। इसके अलावा संस्था सदस्य कंवरलाल सोलंकी, प्रकाश चन्द तुनवाल, महेन्द्र तवंर, चांदमल टांक, राजूलाल सिगोदिया मुरलीधर चौहान इत्यादि उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में समिति के सभी समाज बन्धुओं के लिए भोजन की व्यवस्था आम सभा के तुरन्त बाद धर्मशाला भवन में रखी तथा भोजन प्रसादी के बाद ''उपहार'' वितरण किया गया। अध्यक्ष ने सभी समाज बन्धुओं के आने पर आभार व्यक्त किया।

**माली सैनी संस्थान, अजमेर**

अजमेर। दिनांक 1 नवम्बर 2014 को शाम 6.00 बजे गुलाब बाडी स्थित राधे-रानी गार्डन में माली (सैनी) संस्थान की ''दीपावली स्नेह मिलन'' कार्यक्रम रखा गया, जिसमें संस्था के सभी सदस्यों ने परस्पर एक दूसरे से गले मिल कर दीपावली की शुभकामनाऐं दी। इस बार सभी सदस्यों में खुशी का इजहार कुछ ज्यादा ही बढ़-चढ़ कर था क्योंकि संस्था सचिव सतीश कुमार सैनी ने राजस्थान सरकार से संस्था के रजिस्टर्ड होने की जानकारी सभी सदस्यों की दी गई तथा राजिस्ट्रेशन की ''फोटो फ्रेम'' संस्थान के अध्यक्ष राजेश भाटी को सौंपी गई सभी ने रजिस्ट्रेशन फोटो फ्रेम के साथ ग्रुप फोटो लिया गया। सभी सदस्यों ने संस्था सचिव सतीश कुमार सैनी द्वारा राजिस्ट्रेशन करवाने के लिए किये। अजमेर माली समाज के इतिहास में यह पहली संस्था है जो रजिर्स्टड हुआ जिसका प्रमाण प्रत्र संलग्न हैं।माली (सैनी) संस्थान अजमेर के अध्यक्ष राजेश भाटी ने संस्था की आगामी योजनाओं से अवगत करवाया और समाजहित के कई कार्यो को अंतिम रूप दिया गया। संस्थान को सहयोग देने वालो को आयकर में 80सी सी में छुट दिलाने की सहमति दी गई। सतीश सैन द्वारा संचालित मट्रौयोनियल बेवसाइड के द्वारा लख्य पंवार का रिश्ता ''सैनी योग डॉट कॉम'' के सहयोग से होने पर सभी सदस्यों ने लक्ष्य पंवार को शुभकमानाऐं दी। इस तरह उत्साही माली समाज के युवा वर्ग ने संस्थान के माध्यम से समाज हित के कार्यो को ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ कर अपना कदम सफलता की और बढ़यी जा रही है। कोई रोक सको तो रोक लो? इस अवसर पर कोषाध्यक्ष अरविन्द सिसोदिया, सुनील मालाकार, राजेश गढ़वाल, प्रदीप कच्छावा, योगेन्द्र सैनी, चन्द्रकांत सैनी, मुकेश अजमेरा, शेरसिंह सिसोदिया, धर्मेन्द्र टांक इत्यादि उपस्थित थे। माली (सैनी) संस्थान, अजमेर का रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र संख्या क्रमांक-134/अजमेर/2014-15 है। जिसे जारी करने की तारीख 17 अक्टूबर 2014 है। जिसे बेबसाइट पर भी देख सकते हैं।

# महाराष्ट्र हरियाणा में विधायक विजय होने पर बधाई

दिल्ली। महात्मा फुले सामाजिक शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष शंकरराव लिंगे, महासचिव रामनारायण चौहान, कोषाध्यक्ष रामलाल कच्छावा भूमि चयन समिति के अध्यक्ष गंगाराम गहलोत ने महाराष्ट्र तथा हरियाणा विधानसभा चुनाव में समाज के विजेता विधायक गणों को बधाई दी है।

महाराष्ट्र में सर्वश्री छगन भुजबल, पंकज भुजबल, (एन. सी.पी), श्रीमति मनीषा चौधरी, योगेश तिलेकर, भीमराव ढ़ोन्डे (भाजपा), सर्वश्री सुरेश गोरे अतुल सावे (शिव सेना), सर्वश्री जय कुमार गौरे, सिद्धाराम म्हेतरे (कांग्रेस), बलिराम सिरसकर, (बी.आर.पी), तथा हरियाणा में सर्वश्री डा. पवन सैनी, नायक सैनी (भाजपा), कुल 13 विधायक विजय हुए हैं। श्री मति दिप्ती चौधरी पुणे, (कांग्रेस) से विधान परिषद की सदस्य है।

## मारवाड़ नर नारायण सेवा संस्थान, (रजि.) जैतारण जिला पाली द्वारा सामान्य व पिछड़ा वर्ग जातियों के लिए

# प्रथम सामूहिक विवाह का भव्य आयोजन

समाज में व्याप्त कुरीतियों के निवारण फिजूलखर्ची व दिखावे पर रोक लगाने स्वस्थ परम्पराओं की स्थापना तथा पारस्पारिक भाईचारा, एकता व सौहाई बनाये रखने की दृष्टि से इस सेवा संस्थान द्वारा जैतारण (जिला-पाली) में सामूहिक विवाह का भव्य आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। यह सामूहिक विवाह बसंत पंचमी दिनांक 24.1.2015 शनिवार माघ सुदी पंचमी सं. 2071 को आयोजित होगा। प्रथम चरण में सुविधा तथा सुव्यवस्था की दृष्टि से इस सामूहिक विवाह में केवल हिन्दू धर्म की समान्य व पिछड़ा वर्ग की सभी जातियों को शामिल किया जायेगा। जिन अभिभावकों के लड़के/ लड़कियों विवाह योग्य हैं तथा संस्थान की सामूहिक विवाह आयोजन समिति के नियम व शर्तो को मानने के लिए सहमत है वे इस सामूहिक विवाह में शामिल हो सकते है। इस सामूहिक विवाह में शामिल होने लिए अत्यन्त आवश्यक है कि 31.12.2014 तक लड़के (वर) की न्यूनतम आयु 21 वर्ष तथा लड़की (वधू) की आयु 19 वर्ष हो। 2. सामान्य/ अन्य पिछड़ा वर्ग की जाति के हो। (दोनों शर्ता के लिए आवश्यक प्रमाण प्रत्र प्रस्तुत करना होगा।

**मुख्य नियम :-**

1. सामूहिक विवाह में शामिल होने के लिए प्रारम्भिक सूचना आज से 14.11.2014 तक नीचे दिये गये फोन नम्बर पर देनी होगी।

2. दिनांक 15.11.2014 से 30.11.2014 तक संस्थान के कार्यालय (भाटियों का बास, पोकरना की पोल, जैतारण (पाली) में स्वयं आकार आवश्यक पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) करवाना होगा।

रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण) के लिए आवश्यक दस्तावेज :-

1. आयु व जाति (सामान्य-अन्य पिछड़ा वर्ग) का प्रमाण-पत्र। 2. निर्धारित प्रपत्र (फार्म) में आवेदन। 3. वर-वधू के चार-चार फोटो (पास-पोर्ट साईज)। 4. वर-वधू तथा दोनों पक्षों के लिए निर्धारित शपथ पत्र (10 रू के स्टाम्प पर)। 5. पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) के लिए निर्धारित शुल्क प्रत्येक पक्ष के लिए 5100 रू (एकबार जमा पंजीकरण शुल्क न तो लौटाया जायेगा न ही हस्तान्तरित होगा। अपरिहार्य कारणों से यदि सामूहिक विवाह आयोजित नहीं होता है तो जमा शुल्क सम्बंधित पक्ष को लौटाया जायेगा।)

विशेष- इच्छुक अभिभावकगण इस सामूहिक विवाह में शामिल होने के लिए शीघ्र सम्पर्क करें क्योंकि सुव्यवस्था व सफल आयोजिन की दृष्टि से प्रथम चरण में सीमित संख्या में ही जोड़े (युगल) शामिल किये जायेंगे। सभी महानुभावों से अनुरोध है कि यह संस्थान एक रजिस्टर्ड सेवा संस्थान है। स्थानीय बैंको में संस्थान के खाते है। सहयोग राशि प्राप्त होते ही इसे बैंक खाते में जमा करवाया जाता है तथा सेवा कार्यो के लिए राशि का उपयोग होता है। संस्थान की स्थापना के बाद दो बड़े सेवा उपक्रम सफलता पूर्वक सम्पन हो चुके हैं। यह समाज सेवा का तीसरा बड़ा सेवा उपक्रम है। इसे सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए संस्थान को तन-मन-धन से सहयोग/ समर्थन प्रदान करें। सहयोग राशि एस.बी.बी.जे जैतारण के बचत खाता सं. 61188558289 तथा बी.ओ.बी. जैतारण के खाता सं. 455601000010 में भी सीधे जमा कर रसींद प्राप्त की जा सकती है। उल्लेखनीय है कि सेवा संस्थान को दी जाने वाली राशि पर आयकर अधिनियम 1961 की धारा 12AA तथा 80 G केअंर्तगत आयकर में छुट देय है।

सम्पर्क :- आफिस 02939-222009 **अध्यक्ष- किशनलाल सांखला मो. 8290750828 कोषाध्यक्ष- लक्ष्मीनारायण गहलोत, मो. 9763737902 संरक्षक मोतीलाल सांखला, संस्थापक रामेश्वरलाल भाटी मो. 9799231523, चन्द्रप्रकाश मेवाड़ा**

## माली सेवा संस्थान का प्रतिभा सम्मान समारोह 5 दिसम्बर को

पीपाड़ सिटी। माली (सैनी) सेवा संस्थान सब्जी मण्डी के सानिध्य में 5 दिसम्बर का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। संस्थान के अध्यक्ष श्री हुनमानराम भाटी ने बताया कि सम्मान समारोह में माली समाज के पीपाड़ तहसील के प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा।

इस सम्मान समारोह में कक्षा 10 व 12 में व बी.ए., बी.कॉम., बी.एस.सी. में 70 प्रतिशत अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा। आवेदन संस्थान के कार्यालय में जमा करवाये जा सकते है। प्रतिभा सम्मान समारोह दिनांक 5 दिसम्बर को दोपहर 1 बजे संस्थान के प्रांगण में आयोजित किया जाएगा।

## श्री नन्दकिशोर गहलोत के पास 50 हजार पोस्टल स्टाम का संग्रह



जोधपुर। शौक के चलते इंसान क्या कर गुजरता है। इसका एक उदाहरण नन्दकिशोर गहलोत में रूप में जोधपुर में मौजूद है। बीते 55 वर्षो में उन्होंने अलग-अलग पोस्टल संग्रह कर एक अनोखी उपलब्धि हासील की है। शक्ति नगर महामन्दिर निवासी गहलोत के पास करीब 50 हजार का विशाला संग्रह है। विभिन्न व जिलो से छपे पोस्टल स्टाम जैसे- धार्मिक, फला-फूल, जानवर, पक्षी, मानव, रेंगने वाले जानवर, प्राचीन इमारते, प्राकृतिक दृश्य का भी संग्रह उन्होंने किया। इससे अलावा उनके पास विभिन्न माचियों व सिक्कों का भी संग्रह है।

# शहीद प्रतिमाएं देती हैं देशभक्ति की प्रेरणा : शर्मा

## शहीद सैनी की प्रतिमा का अनावरण समारोह





झुंझुनूं। कश्मीर के सांवा सेक्टर में उग्रवादियों से मुठभेड़ में शहीद हुए झुंझुनूं के इंद्रसिंह सैनी की प्रतिमा का अनावरण रविवार को हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व चिकित्सा राज्य मंत्री एवं नवलगढ़ विधायक डॉ. राजकुमार शर्मा ने कहा कि झुंझुनूं जिला शहीदों एवं भामाशाहों की जन्म स्थली है। उन्होंने कहा कि यहां के जवानों ने अपनी शहादत देकर देश के दुश्मनों के नापाक इरादों को नेस्तानाबूद किया है। यहां प्रत्येक गांव में लगी शहीद की प्रतिमा युवा पीढ़ी को देशभक्ति की प्रेरणा देती है। डॉ.शर्मा ने कहा कि देश के लिए शहदत देना गर्व की बात है। विरले लोगों को ही यह सौभाग्य मिलता है। शहीदों के प्रति आस्था बढ़ाने की आवश्यकता है। शहीद इंद्रसिंह सैनी को नमन करते हुए कहा कि अपने लिए तो सब जीते है। दूसरों के लिए जीना ही जिंदगी है। विशिष्ट अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री मुकेश दाधीच ने कहा कि जवानों ने देश रक्षा के लिए शहादत देकर जिले का मान बढ़ाया है। शहीद प्रमिमाओं से युवाओं में देशभक्ति का जज्बा पैदा होगा। अटल बिहारी वाजपेयी ने शहीदों का मान सम्मान बढ़ाया। नरेंन्द्र मोदी ने सियाचिन में सैनिकों के बीच दीपावली मनाकर उनका मा बढ़ाया है। मोदी के नेतृत्व में देश ऊंचाई पर जा रहा है। अध्यक्षता करते हुए पूर्व पालिकाध्यक्ष रमेश टीवड़ा ने कहा कि शहीद इंद्रसिंह सैनी ने शहर का गौरव बढ़ायासय है। विशिष्ट अतिथि डॉ. दयाशंकर बावलिया, चंचलनाथ टीले के पीठाधीश्वर ओमनाथ महाराज, बीसूका जिला उपाध्यक्ष नृसिंह सैनी, सैनिक कल्याण अधिकारी अम्मीलाल कृष्णिया, आलम फारूकी थे। संचालन करते हुए महेंद्र शास्त्री ने अतिथियों का स्वागत किया। महावीर भारतीय ने शहीद का जीवन परिचय पेश किया। शहीद के भाई राजेंद्र सैनी ने आभार जताया। इस अवसर पर शहीद के भाई बजरंगलाल सैनी, नंदलाल सैनी, पुत्र दलीप, राकेश, बेटी पूजा, पार्षद प्रदीप सैनी, बुधराम सैनी, बजरंगलाल सैनी, पंचायत समिति सदस्य लालचंद सैनी, कैप्टन मोहनलाल, सैनिक कल्याण कार्यालय के वेलफेयर आर्गेनाइजर शीशराम, मनोहर बाकोलिया, पवन पुजारी, भोलाराम सैनी, मनोज मील, राजेंद्र फौजी, धर्मवीर सैनी, बसंत मोरवाल, एनएसयूआई के संयोजक अशोक सैनी, दिलीप डिग्रवाल, संजय सैनी, महेश जीनगर, विनोद गर्वा समेत अनेक लोग मौजूद थे। अतिथियों ने अंत्योष्टि स्थल पर बरगद का पौधा लगाया।

**भाई की याद में सुबक उठी बहना :** देश के लिए शाहदत देने वाले इंद्रसिंह सैनी के परिजन अपने लाडले के बिछड़ने का गम दबाए रहे। अपने भाई के चित्र पर श्रद्धासुमन करते समय आखिर उनकी बहान किरण का धैर्य जवाब दे गया। भाई के बिछोह में बहन सुबक उठी।

**शहीद परिजनों का हुआ सम्मान :** समारोह में शहीद इंद्र सैनी की वीरांगना शारदा देवी, पिता लालाराम, माता चावली देवी का सम्मान किया। पाटेरा की ढाणी सोनासर निवासी शहीद महेंद्र सिंह की वीरांगना प्रेमलता, काली पहाड़ी के शहीद जगदीश सिंह की वीरांगना सुनील कंवर, मझाऊ के शहीद रामप्रताप के भाई तेजपाल एवं स्मारक स्थल के लिए भूमि दान करने वाले संतकुमार पुरोहित तथा ख्यालीराम सैनी और मूर्ति निर्माण में आर्थिक सहयोग देने वाले अनिल तंवर का शॉल व श्रीफल भेंट कर सम्मान किया।

**वीररस की कविता ने भरा जोश :** समारोह में हरीश हिंदुस्तानी ने कुछ लोग थे जो दिल में लगन लेकर निकले थे, कुछ लोग बगावत की अगन लेकर निकले थे, ये आजादी उनकी वदौलत मिली जो सिर पर कफन लेकर निकले, ये दुनिया तो दरिया है, जर्रे आ जाया करते है, इंद्र सैनी तो देश के लाल है जो देश के काम आया करते है पेशकर देशभक्ति का जोश भरा। महावीर भारतीय ने जिले के करगिल शहीदों की शहादत पर लिखी कविता पेश की। राजेश सैनी खेतड़ी ने ये अमानुषी कार्य देश में कब तक चलेंगे, ये दिल्ली में बैठी सरकार कब तक लाचारी सहेगी पेश की।

## स्थापना दिवस एवं भण्डारा

भरतपुर। 2 अक्टूबर, श्री धर्मसिंह रामायण मण्डल ट्रस्ट, भरतपुर के 35वें स्थापना दिवस के अवसर पर ट्रस्ट के द्वारा मन कामेश्वर महादेव प्राचीन मन्दिर, फूल माली समाज सूरजपोल गेट बाहर, भरतपुर में श्रद्धापूर्व एवं धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर रामायण पाठ व यज्ञ का आयोजन किया गया। भक्तगणों द्वारा भण्डारे का का आयोजन भी किया गया जिसमें मदन सैनी, रामगोपाल एडवोकेट, किशनसिंह ब्याख्याता, रामगोपाल, हुकमसिंह, खुसीराम, नारानसिंह, रामप्रसाद, रामबाबू, नीरज, रवि, करनसिंह, परमानंद, लक्ष्मनसिंह, धनश्याम, मोहनलाल, पीतमसिंह, हरीसिंह, जगदीश आर्य का विषेश सहयोग रहा।

## छठा निः शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन

